पंजाब केसरी

25-11-2023

शोध की गुणवत्ता आज के समय की मांग : डा. दीपेंद्र सिंह

अम्बाला, 24 नवम्बर (स.ह.): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में शोध की गुणवत्ता विषय पर सैमीनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर संसाधन व्यक्ति के रूप में डा. दीपेंद्र सिंह, अध्यक्ष एजुकेशनल रैगुलेशन कमेटी फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया और विकास शर्मा एवं डा. प्रताप सिंह जादौन डायरैक्टर, डिवाइन इंटरनैशनल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ग्वालियर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों का कालेज में पहुंचने पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में शोध की व्यवस्था इसलिए की गई है कि इसके माध्यम से नए विचारों एवं अनुसंधानों को सामने लाया जा सके।

डा. दीपेंद्र सिंह ने कहा कि शोध में गुणवत्ता का होना आवश्यक है क्योंकि शोध से समाज को नई दिशा मिलती है। इससे व्यवस्था को सुगम एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शोध में पी.एच.डी. धारकों की संख्या तो बढ़ी है पर समाज में शोध की गुणवत्ता में कमी आई है।

इसलिए आज आवश्यकता है कि शोध की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए।

डा. विकास शर्मा ने कहा कि आज के समय में शोध प्रकाशन की गुणवत्ता पर ध्यान देना परम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विषय की नवीनता एवं नवाचारों के समावेश पर ध्यान देना आज के समय की मांग है।

वहीं सैमीनार में मौजूद डा. प्रताप सिंह जादौन ने कहा कि शोध निष्कर्षों की उत्कृष्टता तथा उपयोगिता पर ध्यान दिया जाना परम आवश्यक है। साथ ही उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध के प्रति जागरूकता होनी अति आवश्यक है। इस अवसर पर सभी विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जानकारी देते मुख्यअतिथि व मौजूद कालेज के विद्यार्थी।